मूल्य एक रुपया

www.kay2steel.com

# स्टील टाइम्स

AUGUST, 2016

KAY2 STEEL LIMITED की गृह पत्रिका, वर्ष–1, अंक–01

E mail: info@kay2steel.com

follow us on



# पंजाब की पसंद बना Kay2 टीएमटी रिबार

KAY2 टीएमटी उत्पादों के जबरदस्त मार्केट पोटेंशियल से उपस्थित डीलर्स को अवगत कराते हुए श्री सुनील अग्रवाल, निदेषक–KAY2 स्टील लिमिटेड ने कहा, "एक भवन निर्माता क्या चाहता है? आप सब जानते हैं, वह चाहता है मकान की मजबूती, लंबी उम्र और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से सुरक्षा। निर्माण की इन मौलिक जरूरतों को KAY2 टीएमटी रिबार हर तरह से पूरा करता है। KAY2 टीएमटी रिबार की निर्माण प्रक्रिया में बेहतरीन सामग्री एवं अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग होता है ताकि निर्माण सदियों तक सुरक्षित रहे। KAY2 टीएमटी रिबार हर दृष्टिकोण से सबसे मजबूत है और सभी प्रकार के निर्माण के लिये विष्वसनीय है। आप डीलर्स खरीददार के सीधे सम्पर्क में रहते है। आपको KAY2 टीएमटी रिबार की खूबियों और खासियतों से अधिक से अधिक उपभोक्ता को वाकिफ करना चाहिए। इससे आपका विकास तो होगा ही साथ ही उपभोक्ताओं को भी अच्छा उत्पाद मिलेगा और उनका निर्माण सुरक्षित बनेगा।"

उपभोक्ताओं की आवष्यकताओं और सपनों का पूरा ख्याल रख कर निर्मित किए गए KAY2 टीएमटी उत्पादों के लिए भविष्य की योजना की जानकारी देते हुए श्री सुनील अग्रवाल, निदेषक–KAY2 स्टील लिमिटेड ने कहा, "कंपनी को देष भर में मिल रही सफलता को देखते हुये कंपनी ने मार्केटिंग नेटवर्क को और भी अधिक मजबूत बनाने की ओर कदम बढ़ाये हैं, जिससे कि भारत भर के बाजारों में KAY2 टीएमटी उत्पाद आसानी से उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो सके। याद रखिए, हमें मिलकर हर नयी ऊँचाई को छूना है और KAY2 टीएमटी को आसमान की बुलंदी पर पहुँचाना है।"

आधुनिक इंजीनियरिंग की आवष्यकता के अनुसार निर्मित KAY2 टीएमटी रिबार भारत में उत्कृष्ट भवन निर्माण की पहचान बन चुका है। आई एस / बीआईएस मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले KAY2 टीएमटी रिबार की बाजार में धाक जम रही है। विभिन्न तकनीकी परीक्षणों में पाया गया है कि KAY2 टीएमटी रिबार अपने भौतिक और रासायनिक गुणों में आई एस / बीआईएस मानकों से भी बेहतर हैं और विष्वस्तरीय मानक के अनुरूप गुणवत्ता दे रहे हैं। इसीलिए आज KAY2 टीएमटी रिबार भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में तेज़ गति से उभरता हुआ ब्राण्ड बन गया है।

देष भर के उपभोक्ताओं का विष्वास हासिल कर रहे KAY2 टीएमटी रिबार ने पंजाब के निर्माण सामग्री बाजार में क्रांति ला दी है। पंजाब की पसंद बन चुके KAY2 टीएमटी बार का राज्य में सषक्त मार्केटिंग नेटवर्क है और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी राज्य में लगातार बढ़ती जा रही है। कंपनी को मिल रही सफलता को नई बुलंदियों तक ले जाने के लिए जरूरी बाजार रणनीति तय करने के लिए, 17 जुलाई 2016 को पंजाब के डीलर्स की एक बैठक आयोजित की गई। ज़िरकपुर के **होटल क्लैरियन इन** में आयोजित इस बैठक में पंजाब के हर जिले, षहरों और कस्बे से आमंत्रित 200 से अधिक डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स षामिल हुए।

KAY2 स्टील लिमिटेड की पंजाब टीम के जिन समर्पित अधिकारियों को इस बैठक के सफल आयोजन का श्रेय जाता है, उनमें षामिल हैं, आपरेषन हेड पंजाब श्री वी. के. गहलोत, श्री मनोज षर्मा, श्री पुनीत कपिल, श्री अमित मनोट तथा श्री अभिनय कुमार। इस बैठक में KAY2 स्टील लिमिटेड के कॉरपोरेट ऑफिस से कंपनी के निदेषक श्री सुनील अग्रवाल के साथ श्री दिलीप मेहरा, श्री विवेक माहेष्वरी, श्री अमित सोनी, श्री पुनीत सिंह अरोड़ा एवं सुश्री कविता मिश्रा ने भी षिरकत किया।











# हरियाणा के निर्माणकर्मियों के साथ KAY2 स्टील लिमिटेड जागरूकता संवाद

भारत की लोकप्रिय टीएमटी रिबार मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी, KAY2 स्टील लिमिटेड निर्माण क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। भारत में अच्छी गुणवत्ता के मजबूत निर्माण हो जिससे देष और देषवासी सुरक्षित रहें यह कंपनी का उद्देष्य रहा है। भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में तेजी से हो रहे विकास को मज़बूती देने के लिए KAY2 स्टील लिमिटेड समय–समय पर निर्माणकर्मियों के लिये जागरूकता संवाद के नाम से बैठकों का आयोजन करती रहती है।

जुलाई माह में कंपनी ने हरियाणा के सिरसा ज़िले के हिंडौन सिटी में स्थानीय मैसन को भवन निर्माण के दौरान टीएमटी सरिए की गुणवत्ता सुनिष्चित करने के महत्व की जानकारी देने के लिए जागरूकता संवाद आयोजन किया। 1 जुलाई 2016 को आयोजित इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय डीलर मेसर्स आर. एस. बिल्डिंग मेटेरियल ने सहयोग दिया। हिंडन सिटी स्थित डीलर्स प्वाइंट पर आयोजित इस जागरूकता संवाद बैठक में स्थानीय KAY2 डिस्ट्रीब्यूटर के मार्केटिंग अधिकारी श्री दिलीप षर्मा भी षामिल हुये। KAY2 स्टील लिमिटेड के अधिकारी श्री सुषील पाण्डे इस बैठक में कंपनी की ओर से उपस्थित हुये। बैठक में हिंडन सिटी और सिरसा के विभिन्न क्षेत्र से आए 100 राजमिस्त्रियों ने भाग लिया। KAY2 स्टील लिमिटेड डिस्ट्रीब्यूटर श्री प्रदीप अग्रवाल के भाई श्री राजीव अग्रवाल बैठक के मुख्य अतिथि थे।

KAY2 टीएमटी रिबार की गुणवत्ता के बारे में बताते हुए श्री सुषील पाण्डे ने कहा, "KAY2 स्टील लिमिटेड में क्वालिटी को सबसे ऊपर माना जाता है। अत्याधुनिक तकनीक द्वारा KAY2 टीएमटी रिबार का निर्माण किया जाता है जिस कारण KAY2 टीएमटी रिबार रासायनिक और भौतिक गुणों में भारतीय मानक के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय मानक पर भी खरे उतरते हैं। दरअसल KAY2 टीएमटी रिबार उपभोक्ताओं को विष्वस्तरीय क्वालिटी देता है।

निर्माण क्षेत्र से जुड़े राजमिस्त्रियों को आधुनिक और बेहतर निर्माण हेतु बेहतर गुणवत्ता वाले KAY2 टीएमटी रिबार के अधिकाधिक उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करते हुए, श्री दिलीप षर्मा ने कहा, "KAY2 टीएमटी रिबार एक उत्कृष्ट एवं अग्रणी टीएमटी उत्पाद है, जो भारत भर में पसंद किया जा रहा है। KAY2 टीएमटी रिबार निर्माण उद्योग के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है जो 8 एमएम से लेकर 32 एमएम तक की हर साइज में उपलब्ध है। भूकंप की लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए इस बात को ध्यान रखना चाहिये कि अगर मकान में अच्छी क्वालिटी का सरिया न लगा हो तो वह मकान भूकंप में टिका नहीं रह सकता है। पर KAY2 टीएमटी रिबार से बने मकानों में भूकंप का डर नहीं है। श्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधक गुणों की वजह से KAY2 टीएमटी रिबार भूकंप के बड़े झटकों से भी मकान को सुरक्षित रखता है।"

सिरसा के राजमिस्त्री KAY2 टीएमटी रिबार के बारे में जानकारी पाकर बहुत खुष हुये और निर्माणकर्मियों के बीच KAY2 टीएमटी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।



## Kay2 Knight



### श्री प्रवीण मित्तल एवं श्री विनोद मित्तल
उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश के KAY2 स्टील लिमिटेड के डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री प्रवीण मित्तल एवं श्री विनोद मित्तल लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स के रूप में प्रख्यात है। इन्होंने अपने काम और उपलब्धि का ग्राफ हमेशा ही ऊपर रखा है। श्री प्रवीण मित्तल एवं श्री विनोद मित्तल अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं और हमेशा ही कंपनी से किए अपने कमिटमेंट को पूरा करते रहे हैं। कंपनी द्वारा उत्तर प्रदेश में अपना बिजनेस प्रारंभ करने के समय से ही KAY2 स्टील लिमिटेड से जुड़े रहे श्री प्रवीण मित्तल एवं श्री विनोद मित्तल ने कड़ी मेहनत कर कंपनी और अपने लिए ऊँचा मुकाम हासिल किया है।




# दिल्ली KAY2 स्टील लिमिटेड के डीलर्स ने बढ़ाया तेज विकास की ओर कदम

देष के कई राज्यों में KAY2 टीएमटी रिबार की बाज़ार हिस्सेदारी पिछले कुछ समय से बहुत ही तेजी से बढ़ रही है। दिल्ली व एन. सी. आर. क्षेत्र एवं हरियाणा राज्य में खास तौर से कंपनी ने बाज़ार में बेहतर पकड़ बनाने में कामयाबी पाई है। पुराने दौर के स्थापित ब्राण्डों और लोकल कंपनियों द्वारा निर्मित सरिए के मार्केट षेयर में कटौती करते हुए KAY2 टीएमटी उत्पाद ने अपनी क्वालिटी का परचम लहराया है। दिल्ली और हरियाणा के भवन निर्माताओं के बीच लोकप्रियता हासिल करने में KAY2 स्टील लिमिटेड की इस सफलता में यहाँ के डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स का प्रषंसनीय सहयोग मिला है।

दोनों ही राज्य के हर बाज़ार तक KAY2 टीएमटी उत्पादों की पहुँच और उपलब्धता को सुनिष्चित करने के उद्येष्य से कंपनी ने 21 मई 2016 को द्वारका के होटल विवान्ता बाई ताज़ में डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। कंपनी के द्वारा किए गए गहरे बाज़ार षोध के नतीजों से पता चला है कि सप्लाई और स्टॉक को बेहतर ढ़ंग से मैनेज करने से KAY2 टीएमटी उत्पादों की मॉंग में और भी अधिक वृद्धि आ सकती है, क्योंकि खरीददारों में KAY2 टीएमटी रिबार की अच्छी ब्राण्ड इमेज बन चुकी है। इस दिषा में बाज़ार रणनीति बनाने के उद्येष्य से आयोजित इस बैठक का मुख्य मकसद था कि KAY2 टीएमटी रिबार के लिए मौजूद बाज़ार संभावनाओं का पूरा उपयोग करते हुए कंपनी और इसके चैनल पार्टनर्स तेज़ विकास की ओर कदम बढ़ायें।

बैठक में कंपनी के निदेषक श्री सुनील अग्रवाल के साथ KAY2 स्टील लिमिटेड कॉरपोरेट ऑफिस से श्री दिलीप मेहरा, श्रीमती ईशिता अग्रवाल, श्री विवेक माहेष्वरी, श्री अमित सोनी, सुश्री नीतू कटारिया, श्री समीर गुप्ता, श्री पुनीत सिंह अरोड़ा, सुश्री कविता मिश्रा एवं सुश्री अंजली सिंह भी षामिल हुए। कंपनी के दिल्ली ऑपरेषन हेड श्री सुषील भारद्वाज एवं हरियाणा ऑपरेषन हेड श्री मनोज षर्मा के नेतृत्व में श्री राहुल सिंह, श्री रंजन घई एवं श्री सुषील पाण्डे सहित दोनों राज्यों की सेल्स व मार्केटिंग टीम के कई अधिकारी बैठक में उपस्थित हुए। इस डीलर मीट में भाग लेने के लिये दिल्ली के अलावा हरियाणा के कोने–कोने से 175 से अधिक KAY2 स्टील डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स होटल विवान्ता पहुँचे।

KAY2 डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ कॉरपोरेट ऑफिस तथा राज्य के पदाधिकारियों की औपचारिक बैठक षुरू होने से पहले, कंपनी के निदेषक श्री सुनील अग्रवाल सभी उपस्थित डीलर्स से अनौपचारिक रूप से मुलाकात की और उनसे रूबरू हुए। इसके बाद हुई बैठक में आगामी बाज़ार रणनीति तय की गई। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दिल्ली और चंडीगढ़ के प्रमुख अखबारों और टीवी चैनलों के रिपोर्टर षामिल हुये।

कंपनी के कारपोरेट सिद्धांतों और कंपनी की आगामी विस्तार योजनाओं के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए KAY2 स्टील लिमिटेड के निदेषक श्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि, "आज KAY2 टीएमटी रिबार की भारत के कोने–कोने में भारी मॉंग है। रिटेल उपभोक्ताओं से लेकर बड़े–बड़े बिल्डर्स का विष्वास जीतते हुए हमारे टीएमटी उत्पादों ने क्वालिटी के दम पर बाज़ार में अपनी पकड़ जमा ली है।"

षाम के समारोह के दौरान कंपनी के निदेषक व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित डीलर्स को संबोधित किया। इस अवसर पर श्रीमती ईशिता अग्रवाल ने कहा, "KAY2 स्टील लिमिटेड आधुनिक इंजीनियरिंग की आवष्यकता को ध्यान में रख कर उत्कृष्ट टीएमटी रिबार का निर्माण करती है। KAY2 टीएमटी रिबार की अच्छी गुणवत्ता और जबरदस्त भूकंपरोधी क्षमता की वजह से देष के लाखों उपभोक्ताओं द्वारा KAY2 टीएमटी रिबार को पसंद किया जा रहा है।" बाद में पावर प्वाइंट प्रजेनटेषन के माध्यम से कंपनी एवं विभिन्न KAY2 टीएमटी उत्पादों से जुड़ी जानकारी दी गई।





# देश भर में छाने वाला है Kay2 टीएमटी रिबार

"हम पूरे दम से मेहनत करने में और पूरी क्षमता से तरक्की करने में यक़ीन रखने वाली कंपनी हैं। Kay2 स्टील लिमिटेड सच्चे अर्थों में एक विजेता है जो करोड़ों दिलों को जीतने निकला है और हम चाहते हैं कि हमारे डीलर्स वही बने, जिनमें जीतने का अटूट ज़ज्बा हो।"

– सुश्री ईशिता अग्रवाल

विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले KAY2 टीएमटी रिबार की निर्माता कंपनी KAY2 स्टील लिमिटेड का भारत के विकास के अपना योगदान दे रहा है। कंपनी की सोच है कि भारतीय निर्माण की क्वालिटी किसी से पीछे ना रहे और यहाँ भी सदियों तक टिके रहने वाली अटूट इमारतें और इंफ्रास्टक्चर्स का निर्माण हो। कंपनी इसी सोच को साकार करने के लिए देष भर में KAY2 टीएमटी रिबार के मार्केट को विस्तार देने में लगातार जुटी है। KAY2 टीएमटी रिबार की बेहतरीन ब्राण्ड इक्विटी बनाने में कंपनी की षुरूआत से ही सुश्री ईषिता अग्रवाल, ने जबरदस्त व्यावसायिक समझ का परिचय दिया है।

टीएमटी बिजनेस की बारीकियों की बखूबी जानकार सुश्री ईषिता अग्रवाल का मानना है कि KAY2 स्टील लिमिटेड जैसी विष्वसनीय गुणवत्ता वाले भवन निर्माण सामग्री ब्राण्ड के लिए भारतीय बाजार में अपार संभावनायें हैं। अपनी इस सोच को स्पष्ट करते हुए सुश्री ईषिता अग्रवाल ने बताया कि, "अपने देष में खास तौर पर छोटे षहर और गाँव के उपभोक्ता आज भी लोकल मेड सरियों का इस्तेमाल कर भवन निर्माण करवा रहे हैं। पुरानी तकनीकों और सस्ते रॉ–मैटेरियल अथवा स्क्रैप से बने ऐसे अधिकतर सरिए खराब गुणवत्ता के होते हैं जिससे न तो ये टिकाऊ निर्माण देते हैं ना ही भूकंप से सुरक्षा दे पाते हैं। हमें हर इमारत को पूर्णतः सुरक्षित बनाने की सोच के साथ KAY2 टीएमटी रिबार को देष भर के उपभोक्ताओं तक पहुँचाना है। भूकंपरोधी निर्माण हेतु उपयुक्त सुनिष्चित गुणवत्ता वाले के KAY2 टीएमटी रिबार को एक देषव्यापी ब्राण्ड बनाना हमारी बाजार नीति की प्राथमिकता है।"

KAY2 टीएमटी रिबार को भारत के कई राज्यों में सर्वोत्तम क्वालिटी के टीएमटी रिबार के रूप में पहचाना जाने लगा है। बेहतरीन टीएमटी रिबार की आवश्यकता को पूरा करते हुए बीआईएस के मानक के अनुसार अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सर्वोत्तम गुणवत्ता के KAY2 टीएमटी रिबार आज अधिकांष महत्वपूर्ण बाज़ारों में उपलब्ध हैं। देष के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में धाक जमा चुके KAY2 टीएमटी रिबार की माँग आज हर तरह के उपभोक्ताओं के बीच बन चुकी है। कंपनी भी देष के विभिन्न बाजारों को अपने मार्केटिंग नेटवर्क के दायरे में लाते हुये लगातार KAY2 टीएमटी रिबार की बाज़ार हिस्सेदारी को बढ़ा रही है।

कंपनी की विस्तार योजनाओं पर प्रकाष डालते हुये सुश्री ईषिता अग्रवाल ने कहा, "बहुत जल्द बड़े पैमाने पर विस्तार के लिये तत्पर KAY2 स्टील लिमिटेड भारतीय बाज़ार में निर्माण सामग्री खरीदने और पसंद करने के अंदाज़ को बदलने का जज्बा रखती है। आने वाले समय में KAY2 टीएमटी रिबार देश में छाने वाला है। गुणवत्ता और बेहतर सर्विस से जहाँ हम अपने उपभोक्ताओं के दिल में जगह बनाना चाहते हैं वहीं हम वैल्यू फॉर मनी क्वालिटी उत्पादों के जरिये नये बाज़ारों में भी अपनी पैठ बनाना चाहते हैं। हमारे उपभोक्ता जानते हैं कि मैन्यूफैक्चरिंग के हर स्तर पर KAY2 टीएमटी रिबार की श्रेष्ठता सुनिश्चित की जाती है और इसीलिए KAY2 टीएमटी उत्पाद न केवल बीआईएस मानकों के अनुरूप है बल्कि उससे भी अधिक अच्छी क्वालिटी देते हैं।"

KAY2 स्टील लिमिटेड की भावी रणनीतियों पर रोशनी डालते हुये सुश्री ईषिता अग्रवाल ने कहा, "देष भर में मिल रही सफलता को देखते हुये कंपनी ने मार्केटिंग नेटवर्क को और भी अधिक मजबूत बनाने की ओर कदम बढ़ाये हैं। हम नए चैनल पार्टनर्स बना रहे हैं, जिससे कि भारत भर के बाज़ारों में KAY2 टीएमटी उत्पाद आसानी से उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो सकें। हमारी विस्तार योजना भवन निर्माण सामग्री बाज़ार का अनुभव रखने वाले व्यावसायियों के लिए भी एक सुनहरा अवसर है, जिसका लाभ लेकर वे एक तेज़ी से विकास कर रही कंपनी के साथ जुड़ सकते हैं। KAY2 टीएमटी रिबार आधुनिक दौर की जरूरत के अनुसार बनाया गया वर्ल्ड–क्लास उत्पाद है और हम एक मॉडर्न एवं इंटरनेशनल स्टैन्डर्ड का मार्केट नेटवर्क तैयार करने में लगे हैं।"